# राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणापत्र में आवास और भूमि से संबंधित प्रावधान

## लोकसभा 2024

| | भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) | भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (सी पी आई (एम)) | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई एन सी) |
|---|---|---|---|
| **किफायती आवास** | • 'ईज़ ऑफ लिविंग'<br>**कम कीमत में अच्छे आवास** - हमने रेरा (RERA) अधिनियम को मजबूती देकर भारत के रियल एस्टेट को पारदर्शी और नागरिक अनुकूल बनाया है। हम हर मध्यम-वर्गीय परिवार को घर प्रदान करने के लिए निर्माण एवं पंजीकरण की लागत में कमी, नक्शों का अप्रूवल और नियमों में सुधार का प्रयास जारी रखेंगे। | • सभी निवासियों के लिए **उचित आवास, पानी और स्वच्छता सुविधाओं** के विकास की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार से शहरी स्थानीय निकायों को पर्याप्त वित्तीय संसाधनों का हस्तांतरण सुनिश्चित करना।<br><br>• किरायेदारी का रिकॉर्ड रखें और उन सभी राज्यों **में किरायेदारों के अधिकारों की रक्षा करना**, जहां ऐसा नहीं किया गया है।<br><br>• सभी किरायेदारी का पंजीकरण सुनिश्चित करना; सभी राज्यों में किरायेदारों के अधिकारों की रक्षा करना; सभी किरायेदारों को कृषक लाइसेंस कार्ड देकर सब्सिडी, बीमा और आय सहायता सहित सभी लाभ सुनिश्चित करना। | |

| | भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) | भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (सी पी आई (एम)) | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई एन सी) |
|---|---|---|---|
| **जबरन बेदखली, अनौपचारिक बस्तियाँ** | • 'गरीब परिवारों की सेवा' - **झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब परिवारों को आवास की सुविधा -** झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब परिवारजनों को पक्का घर देना हमारी प्राथमिकता है। पिछले दस वर्षों में इस दिशा में हमने एक सफल मॉडल स्थापित किया है। इस मॉडल पर हम तेजी से स्लम डेवलपमेंट करेंगे।<br><br>• **पीएम आवास योजना का विस्तार-**<br>हमने 4+ करोड़ गरीब परिवारो को पक्का घर दिया है। हम इस योजना के दूरगामी लाभों को समझते हुए पीएम आवास योजना का विस्तार करके हर गरीब परिवार को गुणवत्तापूर्ण आवास की सुविधा प्रदान करेंगे। | • बेदखली अभियान और झुग्गियों को ध्वस्त करना बंद करना। बुनियादी सुविधाओं का **यथास्थान विकास** सुनिश्चित करना। | |
| **आवासहीनता** | | | |
| **आवास तक पहुंच में भेदभाव** | • 'सबका साथ सबका विकास'<br><br>• **दिव्यांगों के लिए किफायती उपकरण का निर्माण** - हम दिव्यांगों के लिए किफायती एवं स्वदेशी उपकरणों के विकास को प्रोत्साहन देना जारी रखेंगे ताकि भारत ऐसे उपकरणों के निर्माण में आत्मनिर्भर बन सके।<br><br>• **ट्रांसजेंडरों के लिए गरिमा ग्रह के नेटवर्क का विस्तार** - हम ट्रांसजेंडरों की जरूरतों को पूरा करने के लिए गरिमा ग्रह के नेटवर्क का विस्तार करेंगे। हम देश भर में ट्रांसजेंडरों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए पहचान पत्र जारी करेंगे एवं सभी पात्र ट्रांसजेंडर को आयुष्मान भारत के अंतर्गत कवर करेंगे। | • **आवास और नागरिक सुविधाओं** में एससी/एसटी और अन्य समुदायों के बीच जारी अंतर को कम करने के लिए बजटीय आबंटन के साथ एक विशेष अभियान चलाना।<br><br>• अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के सभी भूमिहीन परिवारों को खेती के लिए 5 एकड़ (प्रत्येक के लिए) कृषि योग्य भूमि का वितरण।<br><br>• आदिवासियों के भूमि अधिकारों की रक्षा करना और उनसे अवैध रूप से छीनी गई भूमि को वापस करना। विभिन्न कानूनों में किए गए ऐसे संशोधन को वापस लेना, जो व्यापार करने में आसानी के नाम पर भूमि अधिग्रहण के लिए आदिवासी समुदायों की सहमति के अधिकार को खत्म करते है। | • वरिष्ठ नागरिक, विकलांग व्यक्ति और LGBTQIA+ - कांग्रेस वरिष्ठ नागरिकों को **आसानी से कानूनी सेवाएं** उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाएगी, विशेष रूप से उपेक्षा, दुर्व्यवहार, परित्याग, **बेदखली** और वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित मामलों में। |

| | भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) | भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (सी पी आई (एम)) | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई एन सी) |
|---|---|---|---|
| **भूमि अधिग्रहण** | | • **भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में उचित मुआवजे** और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 में संशोधन करना, ताकि उन सभी कानूनों पर, जिसके तहत भूमि अधिग्रहण किया जाता है, इसके सार्वभौमिक अनुप्रयोग को सुनिश्चित किया जा सके। सार्वजनिक उद्देश्य की कठोर परिभाषा, सभी प्रभावित व्यक्तियों से पूर्ण और पूर्व सूचित सहमति, बाध्यकारी सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन और मुआवजे और पुनर्वास और पुनर्स्थापन इस तरह से हो कि **जीवन की कहीं बेहतर गुणवत्ता और बढे हुए भूमि मूल्य में उनकी हिस्सेदारी** सुनिश्चित हो सके। | • कांग्रेस ग्राम पंचायतों से संबंधित मामलों में **ग्राम सभाओं की भूमिका और अधिकार बढ़ाएगी।** कांग्रेस निम्नलिखित अधिनियमों के प्रशासन में ग्राम सभा के अधिकार को बढ़ाएगी:<br>a. पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996<br>b. वन अधिकार अधिनियम, 2006<br>**c. भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013** |
| **भूमि सुधार और पुनर्वितरण** | • **लैंड रिकॉर्ड का डिजिटाइजेशन-** हमने पीएम स्वामित्व योजना द्वारा भूमि-स्वामियों के मालिकाना हक को स्थापित किया है। इस योजना के माध्यम से हम लैंड रिकॉर्ड का डिजिटाइजेशन को बढ़ावा देकर रेवेन्यू कोर्ट और रजिस्ट्रेशन ऑफ़िस जैसे विभिन्न संस्थनों को साथ जोडेंगे।<br><br>• शहरी भूमि रिकॉर्ड प्रणाली- हम **डिजिटल शहरी भूमि रिकॉर्ड** प्रणाली विकसित करेंगे। | • भूमि सुधारों को लागू करने के लिए त्वरित और समावेशी कदमों को सुनिश्चित करना। राज्य सरकारों को **सीलिंग से ऊपर अधिशेष भूमि पर कब्जा करने के लिए प्रोत्साहित करना** और कब्जे में ली गई सभी अधिशेष भूमि को तुरंत वितरित करना। भूमि वितरण में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को प्राथमिकता देना सुनिश्चित करना। **संयुक्त पट्टों का प्रावधान करना, जो महिलाओं के भूमि स्वामित्व में समान अधिकार की रक्षा करता है।** कानूनी मुद्दों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए नए भूमि न्यायाधिकरण स्थापित करना और इसके लिए राज्य सरकारों को बढ़ी हुई धनराशि प्रदान करना।<br><br>• सार्वजनिक ट्रस्ट में रखी गई सभी सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र की भूमि को पट्टे, बिक्री, डायवर्सन या किसी अन्य तरीके से निजी क्षेत्र को हस्तांतरण करने से सुरक्षित रखना। | • समानता और सामाजिक न्याय- कांग्रेस **भूमिहीनों को ज़मीन वितरित** करेगी।<br><br>• कांग्रेस सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उन सभी बसाहटों को **'अनुसूचित क्षेत्र' के रूप में अधिसूचित** करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां अनुसूचित जनजाति के लोग बहुसंख्यक हैं लेकिन वर्तमान समय में वे अधिसूचित क्षेत्र से बाहर हैं। |

| | भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) | भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (सी पी आई (एम)) | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई एन सी) |
|---|---|---|---|
| | | • एससी और एसटी को प्राथमिकता देते हुए भूमिहीन और गरीब किसान परिवारों को खेती योग्य बंजर भूमि मुफ्त में सौंपना; भूमि पर महिलाओं को समान अधिकार के सहित संयुक्त पट्टे वितरित करना।<br><br>• कॉरपोरेट्स और बड़े कृषि-व्यवसायों को लाभ पहुंचाने के इरादे से कमजोर किए गए भूमि हदबंदी कानूनों को पलटना।<br><br>• किरायेदारी का रिकॉर्ड रखें और उन सभी राज्यों में किरायेदारों के अधिकारों की रक्षा करना, जहां ऐसा नहीं किया गया है। | |
| **रियासत** | | • ग्रामीण और शहरी भूमिहीनों के सभी तबकों को **आवास स्थल और वासभूमि उपलब्ध कराना**। | • ग्रामीण क्षेत्रों के लिए, कांग्रेस **वासभूमि (होमस्टेड)**/ का अधिकार अधिनियम पारित करेगी। |
| **महिला और भूमि/आवास** | | • विकलांग महिलाओं को **आजीविका और आवास** के साथ-साथ यौन और प्रजनन अधिकारों का प्रयोग करने में सहायता करना \|<br>• सभी महिलाओं के लिए वैवाहिक और विरासत में मिली संपत्ति में **समान अधिकारों के लिए कानून बनाना।** | • कांग्रेस **प्रवासी महिला श्रमिकों के लिए पर्याप्त रैनबसेरे** बनाने के लिए राज्य सरकारों को धन देगी।<br><br>• विवाह, उत्तराधिकार, **विरासत**, गोद-लेना, संरक्षकता आदि के मामलों में महिलाओं और पुरुषों का समान अधिकार होना चाहिए। कांग्रेस सभी कानूनों की समीक्षा करेगी और महिलाओं एवं पुरुषों के बीच समानता सुनिश्चित करेगी। |
| **वन अधिकार** | • मानव-वन्यजीव संघर्ष- हम वन से जुड़े क्षेत्रो मे मानव-वन्यजीव संघर्ष को संवेदनशील तरीके से कम करने के लिए प्रदेश सरकारों और सभी हितधारकों के साथ काम करेंगे। | • **आदिवासियों के भूमि अधिकारों की रक्षा करना और उनसे अवैध रूप से छीनी गई भूमि को वापस करना।** विभिन्न कानूनों में किए गए ऐसे संशोधनों को वापस लेना, जो व्यापार करने में आसानी के नाम पर भूमि | • कांग्रेस **वन अधिकार अधिनियम, 2006** के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक राष्ट्रीय मिशन स्थापित करेगी। इसके लिए विशेष बजट, योजना और विभाग की स्थापना की जाएगी। |

| | भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) | भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (सी पी आई (एम)) | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई एन सी) |
|---|---|---|---|
| | | अधिग्रहण के लिए आदिवासी समुदायों की सहमति के अधिकार को खत्म करते है।<br><br>• चारगाहों, सामुदायिक वनों, झाड़ियाँ आदि जैसी सामान्य भूमियों के **अतिक्रमण और अधिग्रहण को रोकना।**<br><br>• **राष्ट्रीय वन नीति को वापस लेना,** जो वनों के निजीकरण की वकालत करती है और उसके स्थान पर जनजातीय अधिकारों की रक्षा करने वाली उचित नीति लागू करना।<br><br>• **अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006** को पूर्ण रूप से लागू करना। वर्ष 1980 को कट-ऑफ वर्ष मानकर अन्य पारंपरिक वन निवासियों को शामिल करने के लिए अधिनियम में संशोधन करना। **आदिवासियों को उनके आवास से बेदखल नहीं करना।** | |

*पढ़ने में आसानी के लिए आवास और भूमि अधिकार संगठन द्वारा कुछ हिस्सों को बोल्ड किया गया है

---

**स्रोत:**


1. 'संकल्प पत्र, लोकसभा 2024,' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा): https://www.bjp.org/bjp-manifesto-2024
2. 'चुनाव घोषणापत्र, लोकसभा 2024,' भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी): https://www.cpim.org/documents/manifesto-2024-lok-sabha-elections-hindi
3. 'न्याय पत्र, लोकसभा चुनाव 2024,' भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस: https://manifesto.inc.in/assets/Congress-Manifesto-Hindi-2024-BOFvk3Gz.pdf